छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
गुरूवार, दिनांक 25 फरवरी, 2010
(फाल्गुन-6, शक संवत् 1931)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 13 (कुल 13) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 01 एवं 19 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. बहिर्गमन

तारांकित प्रश्न संख्या 11 पर चर्चा के दौरान श्री रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों ने शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया ।

3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री नंदकुमार पटेल, सदस्य ने रायगढ़ जिले में जिला पंचायत सदस्यों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री विजय बघेल, संसदीय सचिव ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री सौरभ सिंह, सदस्य ने जिला जांजगीर-चांपा की शालाओं में मध्यान्ह भोजन हेतु चावल न मिलने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित किया ।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया ।

4. नियम 267-क के अधीन विषय

(1) श्री महंत रामसुंदर दास, सदस्य ने जैजैपुर क्षेत्र के कुरदा वितरक नहर को पूर्ण नहीं किए जाने,

(2) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य ने ग्राम उड़ियाकला, जिला-कबीरधाम के लापता व्यक्ति की अस्थियां पुलिस द्वारा परिजनों को न दी जाने,

(3) श्री सौरभ सिंह, सदस्य ने जांजगीर-चांपा जिले में राजीव गांधी विद्युतीकरण मिशन के तहत लगाये गये ट्रांसफार्मर खराब होने,

(4) श्री अमरजीत भगत, सदस्य ने सरगुजा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 78 की जीर्ण-शीर्ण सड़क में शीघ्र सुधार कार्य किये जाने, तथा

(5) श्री अग्नि चंद्राकर, सदस्य ने लो वोल्टेज के कारण सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने

संबंधी शून्यकाल की सूचनाएं पढ़ी।

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष की घोषणानुसार निम्नलिखित सदस्यों की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं:-

(1) श्री महंत रामसुंदर दास

(2) श्री दूजराम बौद्ध

(3) श्री बोधराम कंवर

(4) श्री राजकमल सिंघानिया

6. वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

(सभापति महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए।)

श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी,

(1.27 से 2.33 बजे तक अंतराल)

(सभापति महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री रामजी भारती, नंदकुमार पटेल, सौरभ सिंह, रविन्द्र चौबे-नेता प्रतिपक्ष।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

7. सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि सायं 6.30 बजे विधान सभा स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रेक्षागृह में लोक प्रस्तुति एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री की ओर से भोज का आयोजन भी किया गया है।

समस्त माननीय सदस्यगण, पत्रकार एवं अधिकारी गण आमंत्रित हैं।

सायं 5.20 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2010 (फाल्गुन 7, शक संवत् 1931) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा